हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 8 सितंबर 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 जैन समाज की शोभायात्रा पर विधायक और नपा अध्यक्ष ...



07 सबका मालिक एक और मालिक अपनी मखलूक ...



## खबर संक्षेप



### 14 सितम्बर को मनवानी फिल्म्स करेगा शिक्षकों का सम्मान

**सागर ।** शिक्षक दिवस पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मनवानी फिल्म्स सिन्धु संस्कार का वार्षिक समारोह 14 सितंबर रविवार को मनाया जायेगा । सिंधी समाज के प्रथम गुरु प्राचार्य गोविंदराम मनवानी के जन्मोत्सव पर शिक्षकों का सम्मान प्रति वर्ष होता आ रहा है यह कार्यक्रम का 25 वां वर्ष है । सिंधी कॉलोनी मनवानी गली में सिन्धु संस्कार समिति की बैठक आयोजित की गयी जिसमे यह निर्णय लिया गया की शिक्षक दिवस नीति निर्माताओं, चिकित्सकों और जनता को अधिक साक्षर, न्यायपूर्ण, शांतिपूर्ण और टिकाऊ समाज बनाने के लिए साक्षरता के महत्वपूर्ण महत्व की याद दिलाई जा सके। बैठक में मनवानी फिल्म्स डायरेक्टर राजेश मनवानी, सुनील मनवानी, शंकर मोटवानी, अनिल गंगवानी, हरगोविंद विश्व, डॉ.गजाधर सागर, समाजसेवी चम्पक भाई जैन, महेशदत्त त्रिपाठी, अधिवक्ता महेश नेमा आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर मनवानी फिल्म्स के डायरेक्टर राजेश मनवानी ने कहा कि शिक्षक ही ऐसी कृति है जो युगों-युगों तक याद की जाएगी। शिक्षक ही ऐसा व्यक्तित्व है जो समाज की पीढ़ियों की चिंता करता है।

### प्रत्येक मंगलवार को सभी कार्यालय में आयोजित हो समीक्षा बैठक

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देश दिए की प्रत्येक मंगलवार को समीक्षा बैठक आयोजित की जाए जिसमें सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे और उनको सोमवार को आयोजित होने वाली समय सीमा बैठक के संबंध में दिए गए निर्देश की जानकारी दी जावे एवं उनका पूरे करने के लिए समय सीमा सुनिश्चित की जावे। कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि जिलेवासियों की समस्याओं के निदान करने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध हैं और उनके समस्याओं का निदान समय सीमा में हो इसके लिए सभी विभाग अधिकारी लगातार कार्य करें उन्होंने कहा कि सोमवार को आयोजित होने वाली कलेक्टर कार्यालय में समय सीमा बैठक में महत्वपूर्ण निर्देश दिए जाते हैं उनके पालन प्रतिपालन के लिए मंगलवार को बैठक आयोजित करें और दिए गए निर्देशों का शतप्रतिशत पालन हो यह सुनिश्चित किया जावे। उन्होंने कहा कि मंगलवार को आयोजित होने वाली सभी विभागों में समीक्षा बैठक की जानकारी एवं किए गए कार्यों की जानकारी सोमवार को समय सीमा बैठक में प्रस्तुत करें जिससे कि जिला स्तर पर सभी विभागों की ग्रेडिंग तैयार की जा सके।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी हेतु आवेदन 22 सितंबर तक

**सागर।** शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा बताया गया कि बैंकिंग रेलवे/एस.एस.सी. शासन द्वारा आयोजित समसा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु अनुसूचित आति एवं जनजाति के छात्र-छात्राओं आवेदन पत्र 25/08/2025 तक आंमत्रित किये गये थे। आवेदन पत्र कम प्राप्त होने के कारण उक्त तिथि में वृद्धि करते हुए 22/09/2005 की गई है। स्तानक उत्तीर्ण इच्छुक छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते है। प्रशिक्षण कहाएँ 01/10/25 से प्रारण्भ हो जाएगी। अतः जो छात्र जोचित कहाओं के माध्यम से तैयारी करना चाहते है। वे कार्यालयीन समय में कार्यालय प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र सागर में आवेदन कर सकते है। आवेदन पत्र कार्यालय ने ही उपलब्ध हो जायेगा।

## अपना गांव-समृद्धि का सपना आदि कर्मयोगी अभियान के तहत डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

# आदिवासी समुदाय के आखिरी पंक्ति के आखिरी व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

आदिवासी समुदाय के आखिरी पंक्ति के आखिरी व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान कर आदिवासी समुदाय को लाभान्वित करें एवं आदिवासी ग्रामों की विकास योजनाएं आदिवासी समुदाय के हिसाब से तैयार कर ग्रामों का संपूर्ण विकास करें साथ ही, एक एक आदिवासी ग्रामों को अधिकारी गोद लेकर मूलभूत विकास की दिशा में कार्य करें । उक्त विचार कलेक्टर संदीप जी आर ने आदि कर्मयोगी अभियान के तहत डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए। इस अवसर पर वन अधिकारी शैलेश माचला, सहायक सुधीर श्रीवास्तव, राजेश, अशफाक खान सहित अन्य विभाग अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर मौजूद थे।





कलेक्टर संदीप जी आर ने शुभारंभ अवसर पर कहां कि आदि कर्म योगी योजना के माध्यम से सभी मास्टर ट्रेनर आदिवासी समुदाय के ग्रामों में जाकर शासन की योजनाओं को सत प्रतिशत प्रदान करने का कार्य करेंगे और आदिवासी समुदाय से चर्चा कर विकास योजना बना है जिससे कि आदिवासी समुदाय का लाभ हो सके। उन्होंने कहा कि ग्रामों में रात्रि विश्राम करें एवं आदिवासी समुदाय की महिला पुरुष एवं सभी को वित्तीय साक्षरता एवं साइबर फ्रॉड के संबंध में विस्तार से जानकारी दें। उन्होंने कहा कि आपकी योजनाओं को डिजिटल रूप से तैयार करें और यह गूगल सेट तैयार कर उसमें सभी समस्याएं को अंकित किया जाए जिससे उनका निराकरण समय सीमा में हो उन्होंने कहा कि इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पात्र व्यक्तियों के नाम पंचायत भवन की दीवार पर अंकित किया जावे इसी प्रकार शिक्षा स्वास्थ्य पेयजल सहित सामाजिक कुरीतियों की संबंध में भी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय की सभी गर्भवती माता की समय पर सभी प्रकार की जांच की भी जानकारी दें एवं नवजात शिशु का समय पर टीकाकरण की भी जानकारी प्रदान करें । उन्होंने कहा सभी अधिकारी आदिवासी समुदाय से उनके कल्चर का भी ज्ञान प्राप्त करें और उसी के हिसाब से आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में सांस्कृतिक रूप से जुड़ा स्थानीय नेतृत्व तैयार किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंच सके।

सहायक उपायुक्त सुधीर श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान के लिए जिले के 73 गांवो का चयन किया गया है। जिसमें सागर जिले में केसली ब्लॉक के 31 ,देवरी के 13, रहली के 9 शाहगढ़ के 6, बंडा के 5, राहतगढ़ के 3 सागर, जेसीनगर के 2 - 2 तथा बीना एवं खुरई के एक - एक गांव कुल 73 ग्राम शामिल है, प्रत्येक गांव में शासन से जुडी योजनाओं की सेवाओं को ओर अधिक सुगम बनाने के उद्देश्य से आदि सेवा केन्द्र बनाये जायेगे।

अभियान के सुव्यवस्थित क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर आदि कर्मयोगी, विकासखण्ड स्तर पर आदि सहयोगी तथा ग्राम स्तर पर आदि साथी के नाम से जिला, विकासखण्ड स्तर के अधिकारी रहेगे। ग्राम लेबल पर आदि साथी के रूप में चिन्हित किये जाने वाले वॉलेटियर्स में सेवारत अथवा सेवा निवृत्त सरकारी अधिकारी, जनजातीय युवा , शिक्षक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता, पारम्पारिक ज्ञान के धारक और स्वयंसेवक शामिल होंगे, जो जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए कार्य करेंगे, अभियान की निगरानी के लिए कलेक्टर के नेतृत्व में डिसट्रिक्ट रिस्पासिव गवर्नेस ग्रुप (डीआरजीजी) का गठन किया गया है।

कार्यक्रम के पूर्व में कलेक्टर संदीप जी आर एवं अन्य अतिथियों के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर बबीता सोनी, विजय जैन, महेश सोनी, पंकज श्रीवास्तव, दीपेश जैन, एन आर भारती सहित और मास्टर ट्रेनर मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन शालिनी जैन ने किया जबकि आभार विजय जैन ने माना।



### गढाकोटा में देर रात तक हुआ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन, पूर्वमंत्री गोपाल भार्गव हुए शामिल

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में अनंत चतुर्दशी का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया भगवान श्रीगणेश कि विदाई के पूर्व पंडालों में दिन में हवन पूजन किया गया। वहीं भगवान गणेश विसर्जन का चल समारोह देर शाम अखाड़ों के एक से बढ़कर एक प्रदर्शन के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से निकाला गया और देर रात बड़े पुल स्थित घाट पर गणेश जी का विसर्जन का कार्यक्रम हुआ। भक्तो द्वारा गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के स्लोगन से गणेश जी को विदाई दी जा रही थी। वहीं विसर्जन घाट पर तहसीलदार महेश दुबे एवं थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे के साथ थाना पुलिस एवं आर आई पूरनचंद आठ्या व राजस्व अमला साथ नगरपालिका के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी द्वारा घाट पर पर्याप्त रोशनी के साथ सफाई,तैराक एवं हाइड्रा मशीन उपलब्ध कर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में विसर्जन कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव द्वारा गणेश प्रतिमाओं के चल समारोह में शामिल होकर गणेश जी का आशीर्वाद लिया साथ ही अपनी स्कूटी से विसर्जन घाट पहुंचे और विसर्जन कार्यक्रम में शामिल हुए साथ गणेश जी कि झांकियों के दर्शन कर विदाई आरती की। नगर मे दस दिवसीय गणेश महोत्सव का विसर्जन के बाद समापन हो गया। वही बड़ी व छोटी मूर्तियों का विसर्जन सुनार नदी में पूरी सुरक्षा व सावधानी के साथ प्रशासन की देख रेख व मौजूदगी में किया गया। थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि गढ़ाकोटा नगर एवं तहसील के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में अनंत चतुर्दशी के अवसर पर भगवान गणेश जी कि प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है और सुबह से ही लगातार मूर्तियां विसर्जित हो रही है विसर्जन कार्यक्रम शांतिपूर्वक ओर बड़े सौहार्द्रपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।



# सागर के 5 शिक्षक शिक्षा रत्न सम्मान से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

दुष्यंत संग्रहालय, भोपाल में मेरा विद्यालय - मेरी पहचान अभियान अंतर्गत विद्यालय को आनंद घर के रूप में रूपांतरित करने के लिए कार्यरत शिक्षक संदर्भ समूह 15 वें स्थापना दिवस एवं शिक्षा रत्न सम्मान समारोह- 2025 में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री ने नवाचारी और उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को किया सम्मानित ।

सागर जिले के 5 शिक्षकों संजय श्रीवास्तव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौर नगर, कृष्णा साहू शासकीय माध्यमिक शाला चितौरा, विजय सिंह गौड़ प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला रिछा विकास खंड मालथौन, दीपा अहिरवार शासकीय हाई स्कूल बरौदा, शिव कुमार पाटकर केसली को शिक्षा रत्न सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि भगवान दास सबनानी विधायक भोपाल, दीपक कैलाश जोशी पूर्व स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री मध्य प्रदेश,पूर्व मुख्य सचिव मध्यप्रदेश श्री शरदचंद्र बेहार, अश्विनी गर्ग क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल, नर्मदापुरम संभाग जेडी डॉ. मनीष वर्मा शिक्षक संदर्भ समूह के संस्थापक समन्वयक दामोदर जैन एवं प्रदेश भर से आए शिक्षक उपस्थित रहे।

# जनता को अपने वोट के अधिकार के प्रति पूर्ण सजग रहना चाहिए: जीतू पटवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के चीफ जीतू पटवारी रविवार को अल्प प्रवास पर सागर पहुंचे। उनके साथ मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक भी यहां पहुंचे थे। वे दमोह में आयोजित होने वाली लोकतंत्र बचाओ रैली में हिस्सा लेने के लिए भोपाल से रवाना होकर यहां पहुंचे थे। इस दौरान संभागीय मुख्यालय सागर समेत जिले में पड़ने वाले राहतगढ़, सिहोरा, बहेरिया, परसोरिया, चनौआ, गढ़ाकोटा आदि पूरे यात्रा मार्ग में उनका जगह-जगह भव्य और गरिमामय स्वागत हुआ। सागर प्रवास के दौरान प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच कहा कि आम जनता का सबसे बड़ा अधिकार उसका वोट है यदि यह अधिकार छिन गया तो व्यक्ति के सभी अधिकार छिन जाएंगे। जनता को अपने वोट अधिकार के प्रति पूर्ण सजग रहना चाहिए । प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक के सागर पहुंचने पर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा और शहर अध्यक्ष महेश जाटव ने कई वरिष्ठ नेताओं व अपने पूरे लाव लश्कर के साथ पहुंचकर ढोल नगाड़ों और आतिशबाजी की गूंज के साथ उनकी अगवानी की।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के मकरोनिया चौराहा पहुंचने पर जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, प्रदेश महासचिव रेखा चौधरी की मौजूदगी में बड़ी संख्या में उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ उनका स्वागत किया। उनके यहां पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें पगड़ी बांधकर फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान डॉ आनंद अहिरवार पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, प्रदेश कांग्रेस महासचिव व टीकमगढ़ जिले की प्रभारी रेखा चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता डॉ संदीप सबलोक, अमित दुबे राम जी, पूर्व विधायक तरवरसिह लोधी, नीरज शर्मा, ज्योति पटेल, नगर निगम पार्षद ताहिर खान, अनुसूचित जाति विभाग अध्यक्ष अजय अहिरवार, एडवोकेट बी डी पटेल, राकेश राय, रवि सोनी, लक्ष्मी नारायण सोनकिया, राहुल चौबे, देव प्रशांत, जितेन्द्र चौधरी, जतिन चौकसे, दीपक दुबे, राजेश दुबे, निहित सबलोक, कमल चौधरी संजय रोहिदास एडवोकेट कमलेश नायक गणेश पटेल पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर सुरेंद्र सिंह चावड़ा देवेंद्र कुर्मी अभिषेक गौर शामिल थे।



### ग्राम हनौता में अहिरवार महासभा की बैठक संपन्न

**सागर।** बंडा विधानसभा के ग्राम हनौता उबारी में अहिरवार महासभा जिला सागर की बैठक रखी गई जिसमें अहिरवार महासभा के संरक्षक मुख्य अतिथि एडवोकेट धनसिह अहिरवार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांशीराम अहिरवार ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट धनसिह अहिरवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में फैली कुरूतियो को दूर करना मेरी पहली प्राथमिकता है आज समाज में अंधविश्वास चरम सीमा पर है और पाखंडवाद में विश्वास कर रही है। उन्हें अंधविश्वास से शिक्षा की ओर ले जाना चाहिए और नशे पर प्रतिबंध करना है। समाज नशे की ओर जाकर अपने आपको व अपने परिवार को बर्बाद कर रहें हैं और समाज में फैली कुरूति मृत्यु भोज को बंद करना होगा तभी समाज का उद्धार होगा। कार्यक्रम में राकेश अहिरवार खाद्य अधिकारी दमोह ने कहा कि समाज में जो महिलाएं पुरुष बेरोजगार है उन्हें समूह बनाकर रोजगार की और अग्रसर करना है। इस कार्य में अहिरवार महासभा पूरी मदद करने तैयार है। कार्यक्रम को काशीराम अहिरवार ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं समाज हित में दिन रात मेहनत कर मदद करने तैयार हूं। कार्यक्रम को शंकर अहिरवार, कलू माते, डाक्टर राजकुमार अहिरवार, भगवान दास अहिरवार एवं हनौता से महेश अहिरवार गनेश भारत अहिरवार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मनोज नरेंद्र बिक्की पजनारी, जीवन सेमरा दांत, रामदास उलदन, दुर्गेश आशीष खिरिया जगवान, पूरनलाल नीमोन, भगवत मगरधा, बालकिशन बहरोल,गब्बर उल्दन, रविदास मुडिया, पप्पू अहिरवार सहित 60 ग्रामों के समाज जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदीप अहिरवार सचिव ने किया।

## युवा संवाद कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

# 11 सितंबर के युवा संवाद कार्यक्रम में संत दादा गुरु जी व आशुतोष जी युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे: अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

युवा नेता अविराज सिंह ने 11 सितम्बर को आयोजित कार्यक्रम ''वैश्विक चुनौतियों का समाधान और भारतीय दृष्टिकोण'' विषय पर आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की। उल्लेखनीय है कि 11 सितंबर को सागर के महाकवि पद्माकर सभागार में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम को नर्मदा पुत्र संत श्री समर्थ दादा गुरु जी, यंग थिंकर्स फोरम के निदेशक, ओजस्वी वक्ता आशुतोष व रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय के कुलपति विनोद मिश्र युवाओं को मार्गदर्शन देंगे। दीपाली सभाकक्ष में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी युवा राष्ट्रवादी बनें, राष्ट्रवाद को आगे बढ़ाएं, भारत के सामने आ रही समस्याओं का समाधान करें, यही 11 सितंबर को आयोजित कार्यक्रम का केंद्रीय उद्देश्य है। यह अराजनैतिक व सामाजिक आयोजन है जिसमें युवाओं को जागरूक करने, वैश्विक और भारतीय समस्याओं के समाधान पर चिंतन करने और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए तैयार करने को लेकर विमर्श होगा।



अविराज सिंह ने कहा कि युवाओं से अपेक्षा की गई है कि वे केवल वैश्विक चुनौतियों को सुनें या देखें नहीं, बल्कि उन पर लेख लिखें, भाषण दें, समस्याओं का समाधान खोजें और देश में सकारात्मक बदलाव लाएं। स्वामी विवेकानंद का 11 सितंबर 1983 में यानी 132 वर्ष पहले दिया गया भाषण ऐतिहासिक माना जाता है क्योंकि उन्होंने उसमें हिंदू धर्म, भारतीय संस्कृति और भारत के बारे में प्रभावशाली रूप से बताया, जिससे पूरे विश्व में भारत की छवि बनी।उन्होंने कहा कि युवाओं को विश्व की समस्याओं का समाधान इसलिए करना चाहिए क्योंकि वे समस्याओं को समझने की क्षमता रखते हैं और उनके पास समाधान खोजने की शक्ति भी है।

युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है, यह सामाजिक कार्यक्रम है जो अपने देश के लिए है। इस कार्यक्रम में आने के लिए युवाओं को प्रेरित करें।उन्होंने कहा कि भारत की जनसंख्या विश्व में सबसे ज्यादा है, इसलिए भारत विश्व का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। लेकिन इस विशाल उपभोक्ता बाजार में भारतीय ब्रांड भी अब तेजी से अपनी प्रतिस्पर्धा बढ़ा रहे हैं। हमें भारतीय ब्रांडों की और अधिक स्थापना करनी होगी और उन्हें आगे बढ़ाना होगा ताकि विदेशी ब्रांडों के मुकाबले भारतीय ब्रांड मजबूत हों। राष्ट्रीयता की कमी का परिणाम यह होता है कि अपने राष्ट्र का युवा वहाँ सिटिजनशिप लेता है और अपनी कंट्री का टैलेंट अपने यहाँ नहीं रहता। अविराज सिंह ने कहा कि ट्रेड वार और टैरिफ वार के समाधान के लिए पहला, युवा संवाद और चर्चा, दूसरा 'वोकल फॉर लोकल' के माध्यम से देशी उत्पादों का उपयोग बढ़ाना। 'वोकल फॉर लोकल' का महत्व यह है कि यह स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देता है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है और रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीयता और राष्ट्रप्रेम की भावना को बढ़ावा देना है ताकि वे अपने देश के प्रति जिम्मेदार बनें और देश की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि कल आप सभी गणेश जी के विसर्जन में गए होंगे जब मैंने थोड़ा और गणेश उत्सव के बारे में पढ़ा तो मुझे ये जानकारी मिली कि गणेश उत्सव से अकेले 40,000 करोड की अर्थव्यवस्था जुड़ी है। जब नवरात्रि में, गणेश उत्सव , दीपावली के समय हमारे सस्कृति से जुड़े त्योहारों के समय हम अपने देश के प्रोडक्ट्स का यूज़ करेंगे बड़ा परिवर्तन आएगा। ऐसे ही बिंदुओं पर विमर्श के लिए मौलिक चिंतन के साथ विद्वान वक्ता 11 सितंबर को आयोजित कार्यक्रम में युवाओं का प्रबोधन करेंगे।



### ग्राम के प्रत्येक परिवार की खुशहाली हेतु योजना निर्माण पर सीआरपी प्रशिक्षण देवरी में

**सागर।** ग्राम समृद्धि संवर्धन योजना के अंतर्गत तीन दिवसीय वीपीआरपी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन देवरी स्थित सीटीसी में किया गया। यह प्रशिक्षण मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य आगामी 2 अक्टूबर को होने वाली ग्राम सभा के लिए जीपीडीपी ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करना है। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि इस योजना निर्माण में प्रत्येक परिवार की आजीविका, हकदारी, तथा गांव के सामाजिक एवं आर्थिक संसाधनों के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। योजना के तहत विभिन्न विभागों की योजनाओं को एकीकृत करते हुए (कन्वर्जेंस) गांव के प्रत्येक हितग्राही को लाभ दिलाने की रणनीति बनाई जा रही है। ग्राम स्तर पर कार्य कर रहे सीआरपी, संकुल स्तरीय फेडरेशन, एवं ग्राम स्तरीय संगठनों के सहयोग से यह योजना तैयार की जा रही है। योजना निर्माण में निम्नलिखित बिंदुओं को शामिल किया जा रहा है। कृषि से जुड़े परिवारों की आवश्यकताओं जैसे कृषि यंत्र, बीज, सब्जी उत्पादन हेतु टपक सिंचाई, पालीहाउस, मल्चिंग, मसाला फसलें, प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना, विपणन और परिवहन व्यवस्था, स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग योजना तैयार हो जाने के बाद गांव के सभी सम्मानित व्यक्तियों की उपस्थिति में एक परामर्श बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें संकुल स्तरीय फेडरेशन और ग्राम स्तरीय फेडरेशन के सदस्य योजना के मुख्य बिंदुओं को प्रस्तुत करेंगे। इस प्रक्रिया में महिला समूहों की भागीदारी से उनकी आवाज को भी ग्राम सभा में प्रतिनिधित्व मिलेगा।

### गश्ती दल की सतर्कता से धार्मिक आयोजन शांतिपूर्ण सम्पन्न

# एसपी की तकनीक और रणनीति के संगम से पुलिस की बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏩ टीकमगढ़





जिले में विभिन्न धार्मिक आयोजन पूर्णतः शांति, व्यवस्था और सौहार्द के वातावरण में सम्पन्न कराने में पुलिस सफल रही। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में पुलिस ने तकनीक और रणनीति का बेहतरीन संगम प्रस्तुत करते हुए इस महत्वपूर्ण आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। असमाजिक तत्वों पर सतत निगरानी, सोशल मीडिया पर पैनी नजर, चप्पे चप्पे पर पुलिस की मौजूदगी की बजह से खुराफाती लोगो के मंसूबो पर पुलिस द्वारा सफलता पूर्वक पानी फेरा गया। पर्व से पहले ही पुलिस बल को राजपत्रित अधिकारियों द्वारा ड्यूटी संबंधी स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। विसर्जन जुलूस के मार्गों को पूर्व में चिन्हित कर व्यापक सुरक्षा योजना तैयार की गई।

चिन्हित स्थानों पर फिक्स पैकेट्स में पुलिस बल की सुदृढ़ तैनाती की गई ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। जुलूस एवं संवेदनशील क्षेत्रों पर सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी की गई। मोबाइल वाहन और कंट्रोल रूम से पूरे आयोजन पर नजर रखी गई। आयोजन के दौरान ड्रोन कैमरों का उपयोग कर रीयल टाइम मॉनिटरिंग की गई जिससे भीड़ की गतिविधियों पर पैनी नजर बनी रही। मोबाइल पार्टियां एवं पैदल गश्त दल लगातार सक्रिय रहे। संवेदनशील इलाकों में पुलिस का लगातार भ्रमण जनता को सुरक्षा का विश्वास दिलाता रहा। पुलिस बल की तैनाती से पूरे मार्ग पर जुलूस शांतिपूर्वक और व्यवस्थित तरीके से निकाला गया। पुलिस की सजगता और सतर्क निगरानी के फलस्वरूप यह भव्य धार्मिक आयोजन श्रद्धा, उत्साह और सौहार्द के वातावरण में सम्पन्न हुआ। शहरवासियों ने भी पुलिस के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन की सतर्कता से हर वर्ग के लोग बेफिक्र होकर पर्व में शामिल हो पाए।

### एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में बुडेरा पुलिस ने पेश की अनुकरणीय मिसाल

## एक वर्ष पूर्व से गुमशुदा को सामने देख आंखों में आये खुशी के आंसू




**टीकमगढ़।** जिले में गुमशुदा व्यक्तियों का पता लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बुडेरा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारियों को गुमशुदा महिलाओं का पता लगाने के लिये विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में थाना बुडेरा क्षेत्र से एक वर्ष पूर्व वर्ष 2023 से गुमशुदा महिला की तलाश के लिए एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बुडेरा अंकित दुबे के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने अथक प्रयास और मुखबिर तंत्र की सक्रियता से 05 सितम्बर को वर्ष 2023 से लापता महिला को सकुशल ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। गुमसुदा हुई महिला को पुनः अपने सामने सकुशल देखकर परिवारजनों की आँखों में ख़ुशी के आँशु आ गये। इस दौरान परिजनों ने पुलिस टीम का आभार भी व्यक्त किया। इस कार्रवाई में बूढ़ेरा थाना प्रभारी अंकित दुबे, प्रधान आरक्षक मुन्नालाल प्रजापति, आरक्षक ऋषि प्रताप, आरक्षक जितेन्द्र चन्देल, आरक्षक चन्द्रभान राजपूत, महिला आरक्षक मोहनी तथा एनआरएस दिनेश लोधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इन सभी के सामूहिक प्रयास से लंबे समय से परेशान परिवार को न्याय और राहत मिली।

### एसपी मंडलोई की विशेष सराहना के साथ सागर जोन के सभी एसपी को दी बधाई

# उत्कृष्ट व्यवस्था बनाये रखने को लेकर आईजी खन्ना ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏩ टीकमगढ़



सागर जोन में ईद-ए-मिलादुन्नबी और गणेश विसर्जन जैसे बड़े पर्व सौहार्द, शांति और भाईचारे के संदेश के साथ सम्पन्न हुए। पर्वों के दौरान पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रही और कहीं भी किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई। इस उल्लेखनीय कार्य पर पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन डॉ हिमानी खन्ना ने सागर जोन के समस्त पुलिस अधीक्षकों सहित संपूर्ण पुलिस बल को हार्दिक बधाई देते हुए उनकी सराहना की है। इस दौरान आईजी खन्ना ने टीकमगढ़ पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई की विशेष सराहना की। आईजी डॉ. खन्ना ने कहा कि सागर जोन की पुलिस ने कठिन परिस्थितियों में भी उत्कृष्ट प्रबंधन करते हुए यह सुनिश्चित किया कि हर नागरिक अपने पर्व को सुरक्षित वातावरण में मना सके। उन्होंने मुख्यमंत्री के दो बार हुए दौरे के दौरान भी बेहतरीन सुरक्षा व्यवस्था एवं अनुकरणीय ड्यूटी के लिए सभी पुलिस अधिकारियों और जवानों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि टीकमगढ़ में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में पुलिस बल ने विशेष सतर्कता के साथ कानून व्यवस्था पर पैनी नजर रखी। गणेश विसर्जन और ईद-ए-मिलादुन्नबी पर पुलिस जवानों ने न केवल मार्गों पर सुगम यातायात सुनिश्चित किया, बल्कि संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखकर शांति बनाए रखी। मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान भी टीकमगढ़ पुलिस ने उत्कृष्ट सुरक्षा व्यवस्था प्रदान कर प्रशासन की सराहना पाई है। पुलिस महानिरीक्षक डॉ. हिमानी खन्ना ने टीकमगढ़ पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम और पूरे जिले के पुलिस बल को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरी पुलिस टीम के सामूहिक प्रयास और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी पुलिस बल इसी तरह जनता की सुरक्षा, शांति और विश्वास को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाता रहेगा।

## नदी में बहा बाइक सवार, टीम कर रही तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏩ ग्यारसपुर


**विदिशा।** सर्चिंग के दौरान परिजन व ग्रामीण किनारे पर बैठकर इंतजार करते हुए।

ग्यारसपुर तहसील के थाना हैदरगढ़ अंतर्गत ग्राम सेमरा टप्पा निवासी मनोज लोधी (45) पुत्र रंजीत लोधी नदी पार करते समय हादसे का शिकार हो गए। बताया जा रहा है कि वे रात करीब 12 बजे बागरोद से अपने गांव लौट रहे थे।

दैयरपुर इमलाघाट स्थित बावना नदी के उफान में बाइक सहित बह गए। शुक्रवार को परिजनों ने हैदरगढ़ थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शनिवार सुबह पानी उतरने पर नदी में उनकी मोटरसाइकिल दिखाई दी। जिससे हादसे की पुष्टि हुई। हादसे की सूचना मिलते ही हैदरगढ़ पुलिस, एनडीआरएफ और होमगार्ड की टीम मौके पर पहुंची और देर शाम तक बकेना व कनेरा तक सर्चिंग की, लेकिन मनोज का कोई सुराग नहीं मिला। थाना प्रभारी हैदरगढ़ ने बताया कि अब सागर जिले की राहतगढ़ थाना पुलिस की टीम के साथ सर्चिंग की जाएगी।

### धार्मिक व भक्ति गीतों के साथ निकली शोभायात्रा से माहौल हुआ श्रद्धा आस्था से परिपूर्ण

## जैन समाज की शोभायात्रा पर विधायक और नपा अध्यक्ष ने की पुष्पवर्षा



हरिभूमि न्यूज ⏩ टीकमगढ़

दसलक्षण पर्व एवं पर्यूषण पर्व के पावन अवसर पर जैन समाज द्वारा रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाज के महिला-पुरुष और बच्चे धार्मिक उल्लास के साथ शामिल हुए।

इस दौरान विधायक यादवेन्द्र सिंह बुंदेला एबं नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक द्वारा शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। धार्मिक धुनों और भक्ति गीतों के बीच निकली शोभायात्रा से माहौल श्रद्धा और आस्था से परिपूर्ण रहा। नजर बाग के सामने शोभायात्रा पहुंचने पर विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला और नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार उर्फ पप्पू मलिक ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर जैन समाज ने दोनों जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि पर्यूषण पर्व आत्मशुद्धि, संयम और क्षमा की भावना का प्रतीक है। इस दौरान समाजजनो ने आपसी सौहार्द और सद्भाव का संदेश दिया।

## विदिशा स्टेशन पर तबीयत बिगड़ी आजमगढ़ एक्सप्रेस में यात्री की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏩ विदिशा



मुंबई से आजमगढ़ जा रही आजमगढ़ एक्सप्रेस में एक यात्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान बेगमपुर, उत्तरप्रदेश निवासी 35 वर्षीय रशीद अहमद के रूप में हुई है। शुक्रवार को जब ट्रेन विदिशा स्टेशन पहुंची, तब यात्री की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिली। विदिशा जीआरपी थाना प्रभारी महेंद्र शाक्य के नेतृत्व में पुलिस टीम तुरंत प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर पहुंची। रशीद को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के आधार कार्ड से पहचान कर परिजनों को सूचित कर दिया है। परिजनों के विदिशा पहुंचने के बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद मौत के कारणों का पता चलेगा। प्रारंभिक जांच में बीमारी से मौत होने की आशंका जताई गई है।

### लूट के दोनों आरोपी चंद घंटों में गिरफ्तार

*विदिशा। 5 सितंबर की दरमियानी रात थाना सिविल लाइन क्षेत्र में लूट की घटना घटित हुई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटना में 800 रुपए की लूट की गई थी। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में थाना सिविल लाइन पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चंद घंटों में ही घटना के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मुखबिर की सूचना पर आरोपियों की पहचान कर थाना सिविल लाइन टीम ने उन्हें दबोच लिया। गिरफ्तार अनुराग उर्फ अन्नू आदिवासी पिता प्रेम सिंह आदिवासी उम्र 19 वर्ष निवासी शेरपुर टीला, हिमांशु दिवाकर पिता स्व. हेमराज दिवाकर 18 वर्ष निवासी शेरपुरा को गिरफ्तार किया गया है।*

### कस्तूरबा बालिका छात्रावास कुंडेश्वर में हुआ जागरूकता सत्र आयोजित

## बालिकाओं को स्वास्थ्य, पोषण व सुरक्षा के प्रति किया जागरूक





हरिभूमि न्यूज ⏩ टीकमगढ़

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी उदल सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में हब फ़ॉर एम्पोवेर्मेंट के अंतर्गत बिशेष जागरूकता सत्र के आयोजन जिले में आयोजित किये जा रहे है।

जिसमें बालिकाओं को स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा के प्रति जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में कस्तूरबा बालिका छात्रावास कुंडेश्वर में किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं लोशन विषय पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। उक्त आयोजन के दौरान वन स्टॉप सेंटर की सेंटर एडमिनिस्ट्रेटर शिखा शर्मा के द्वारा बालिकाओं को गुड़ टच बेड टच, माहवारी स्वच्छता संबंधी जानकरी दी गयी। साथ ही बालिकाओ के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जानकारी दी गयी। जिससे एनीमिया जैसी बीमारी से बचाव किया जा सके। बालिकाओ को बच्चों के यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम पोक्सो एक्ट के बारे मे भी जानकारी दी गयी तथा वन स्टॉप सेंटर के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गयी। इसके साथ ही कुंडेश्वर मंदिर परिसर में भी गणपति मेले में उपस्थित महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर में मिलने वाली सेवाओ, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 तथा महिलाओ के संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी।

### 15 से 19 सितम्बर तक सीखें सप्ताह आयोजित

**विदिशा।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में कर्मयोगी आईजीओटी पर सीखें सप्ताह प्रशिक्षण का आयोजन 15 से 19 सितम्बर तक किया जाएगा। इस दौरान जिले के समस्त शासकीय एवं संविदा अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा आईजीओटी पोर्टल एप के माध्यम से न्यूनतम दो प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण किए जाएंगे। जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के आईजीओटी पोर्टल पर 1800 से अधिक अंग्रेजी एवं 200 से अधिक हिन्दी के प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध हैं। साथ ही प्रशिक्षण को और सरल बनाने हेतु आईजीओटी की मोबाइल ऐप भी उपलब्ध कराई गई है।

### स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने पहुंचे

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को विकासखंडवार जवाबदेही सौंपी है। शनिवार को जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ डीके शर्मा ने आवंटित ब्लाक लटेरी का भ्रमण किया गया।

## बारिश से कच्चा मकान ढहा तीन भैंस, 3 गायों की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏩ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर तहसील के ग्राम पंचायत लखूली में तेज हवा और बारिश से गरीब चंद्रपाल सिंह आदिवासी का मकान गिर गया। उसने और उसकी पत्नी ने भाग कर अपनी जान बचाई। लेकिन घर में मौजूद तीन भैंस और तीन गायों की मलबे में दबकर मौत हो गई। घर गृहस्थी का सारा सामान मलबे में दब गया।

पीड़ित चंद्रपाल आदिवासी ने बताया कि गुरुवार की रात 8:30 बजे के आसपास बहुत तेज बारिश हो रही थी और हवा चल रही थी जैसे ही मुझे आहट सुनाई दी की घर गिरने वाला है। वैसे ही मैं और मेरी पत्नी ने घर के बाहर भागकर जान बचाई। मेरे बच्चे गांव में ही गणेश जी की आरती में गए हुए थे। पड़ोसियों को जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचे और मृतक गाय ओर भैंसों को मलबे से बहार निकाला। पीड़ित ने पांच से छह लाख रुपए के नुकसान की संभावना जताई है। पीड़ित परिवार ने हल्का पटवारी को सूचना दे दी है और मौके पर पशु डॉक्टर भी पहुंचे। पीड़ित परिवार ने शासन प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

### वन सुरक्षा में सहभागिता बढ़ाने जगह-जगह चलाई जा रही मुहिम

# आयोजित हुआ तीसरा समानता सामूहिक भोजन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏩ पलेरा



जतारा रेंजर शिशुपाल अहिरवार द्वारा जिले में वन सुरक्षा को लेकर तरह तरह के उल्लेखनीय नवाचार और कार्यवाही करते रहते हैं। फिर चाहे ग्रामीणों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना हो या फिर कर्मचारियों के लिए आवास, स्वास्थ, और अन्य सुविधाओं के साथ वन अपराधों के विरुद्ध की जाने वाली कार्यवाहियां हो। इन मामलो में जतारा रेंज जिले के अन्य वन परिक्षेत्र रेंज से ज्यादा सक्रिय रहता हैं। इसी तारतम्य में विगत 15 अगस्त को जतारा रेंज के स्टॉफ की सामूहिक सहमति उपरांत जतारा रेंज अंतर्गत जितने भी कैंपस जतारा, लिधौरा, पलेरा, लार एवं पिपरट आदि हैं उन सभी कैंपस में प्रत्येक रविवार को वन समिति सदस्यों, ग्रामीणों, और संपूर्ण वन अमले के साथ सामूहिक भोजन करने का नवाचार प्रारंभ किया गया था। ताकि वन समिति सदस्यों, ग्रामीणों और स्टॉफ के मध्य व्याप्त हेरारकी और असमानता को दूर कर उन सभी का सहयोग वन सुरक्षा में लेकर वानिकी कार्यों में सभी की सहभागिता सुनिश्चित कराते हुए शासन की योजनाओं को गांव गांव तक पहुंचाया जा सके। जिसकी शुरुआत सबसे पहले लार कैंपस से की गई थी, उसी के चलते 7 सितंबर को पुनः सब रेंज कैंपस पलेरा में पलेरा, चरी, चोर टांनगा, लहर बुजुर्ग , बनने बुजुर्ग, चौहान टपरियन, लारोंन गांव के वन समिति सदस्यों, सरपंचों ,और स्थानीय ग्रामीणों के साथ साथ पलेरा अंतर्गत प्रशासन के समस्त अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ पलेरा के पत्रकार साथियों और सम्पूर्ण वन अमले के द्वारा स्वयं के हाथों से स्वादिष्ट भोजन तैयार कर एक दूसरे को परोसते हुए सामूहिक भोजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके दौरान जतारा रेंजर शिशुपाल अहिरवार द्वारा वन सुरक्षा के साथ साथ ग्रामीणों को वनों से प्राप्त होने वाली वनोपज और उससे आजीविका प्राप्ति और वन सुरक्षा में सहयोग लेने के संबंध में चर्चा करते हुए उपस्थित कर्मचारियों की समस्याओं एवं जिज्ञासाओं पर चर्चा की गई और सभी ने एक साथ बिना अधिकारी कर्मचारी के भेदभाव के साथ सौहार्द तरीके से स्वादिष्ट भोजन का प्रकृति की गोद में आनंद लिया गया। पलेरा डिप्टी रेंजर विक्रम सिंह ने सब रेंज में आयोजित अधिकारी एवं पत्रकारों के साथ ग्रामीणों के सामूहिक भोजन कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्थाएं की। समानता के सामूहिक भोजन कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को वन विभाग के प्रति इकोफ्रैंडली बनाते हुए उनको अवेयर करके वन सुरक्षा में सहयोग प्राप्त करने, अधिकारी , कर्मचारी और ग्रामीणों के बीच की खाई को पाटकर सभी के साथ समानता का भाव लाने, शासन की योजनाओं को गांव वालों के सहयोग से जन जन तक पहुंचाने, पर्यावरण और प्रकृति सरंक्षण के लिए ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने और वर्दीधारी और सिविलियन के मध्य दोस्ताना और सौहार्द पूर्ण माहौल विकसित करने के प्रयास स्वरूप कार्य किया गया। पलेरा में आयोजित सामूहिक भोजन कार्यक्रम में कुलदीप ठाकुर तहसीलदार पलेरा, श्रीपत अहिरवार नायब तहसीलदार पलेरा, मनोज सोनी थाना प्रभारी पलेरा, वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वर्मा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुनील खटीक, डॉक्टर उमेश गुप्ता, सुशील गुप्ता, लारोन सरपंच डी.के यादव, बन्ने सरपंच अंकित गुप्ता, रामनगर सरपंच महेश यादव, चरी सरपंच पप्पू यादव, आर,आई, कालीचरण अहिरवार, पलेरा के पत्रकार सद्दाम राईन, सोनू विश्वकर्मा, मनीष यादव, सूरज लोधी,अनिल खरे, हरिशंकर चौरसिया शेरा यादव के साथ साथ अन्य विभागों के कर्मचारी और अधिकारी के साथ सभी वन समिति के सदस्य और अध्यक्ष के साथ सम्पूर्ण वन अमला शामिल रहा।

गुरुद्वारा पहुंचकर जिले के लोग पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए उपलब्ध करा रहे धन राशि

# सबका मालिक एक और मालिक अपनी मखलूक में भेद नहीं करता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सबका मालिक एक है और मालिक अपनी मखलूक (सृष्टी) में भेदभाव नहीं करता है। उसकी नजर में पूरी मखलूक एक समान है और जो लोग मखलूक में भेदभाव करते हैं वो अल्लाह की नज़र में अच्छे इंसान नहीं हैं। इस्लाम तो इसके सख्त खिलाफ है। यह बात जमीयत उलेमा ए हिंद के प्रदेश अध्यक्ष मुफ्ती मोहम्मद अहमद खान ने श्योपुर गुरुद्वारा में पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहीं। वह जमीयत उलमा ए हिंद की जिला इकाई द्वारा पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए एकत्रित की गई राहत सामग्री और नगद राशि गुरुद्वारा प्रबंधन को सौंपने पहुंचे थे।

गुरुद्वारा पर पहुंचे जमीयत उलमा ए हिंद के प्रदेश अध्यक्ष ने पंजाब मे आई बाढ़ पर दुख जताते हुए कहा कि आज वह लोग हमसे उम्मीद की आस लगाए बैठे हैं जो लोग हमारी जुबान खोलने से पहले हमारे आगे खाने की तस्तरी लेकर पहुंच जाया करते थे जिन लोगों का उपकार देशवासी कभी नहीं भूल सकते हैं आज उन्हें मदद की जरूरत है। देश भर से सभी लोग उनकी मदद कर रहे हैं मुस्लिम समाज की हर जमात देश के हर हिस्से से मदद पहुंचाने का प्रयास कर रही है और यह मदद जारी रहेगी श्योपुर में भी मुस्लिम समाज ने इस तरह की मदद की है। मुझे पता चला है कि बीते दिनों का एक गांव में मुसलमानों ने ईद मिलादुन्नबी के जलसा के लिए एकत्रित की गई राशि भी पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के सुपुर्द कर दी। यह बहुत सराहनीय काम है। श्योपुर से जो मदद मिली है उसे राजस्थान के बाढ़ पीड़ितों के बीच भी वितरण की जाएगी। इस दौरान उलमा ए हिंद के जिला अध्यक्ष कारी आदिल कुरैशी ने गुरुद्वारा प्रबंधन को 1 लाख 6 हजार 200 रुपए 100 बाढ़ राहत किट और एक ट्राली गेहूं सुपुर्द किया। इसमें से एक ट्राली गेहूं और 55 हजार 200 रुपए बगवाज गांव के युवाओं द्वारा एकत्रित किया गया था जबकि 51000 रुपए और 100 किट जमीयत द्वारा प्रदान की गई। इस दौरान जमीयत के प्रदेश उपाध्यक्ष मुफ्ती जिया उल्लाह कासमी, शहर काजी जका उल्लाह कुरैशी, वक्फ कमेटी के जिला अध्यक्ष काजी असद उल्लाह कुरैशी आदि जिम्मेदार मौजूद रहे। गुरुद्वारा प्रबंधन की ओर से समाज सेवी किसान नेता अनिल जाट ने जमियत उलमा ए हिंद का इस परोपकार के लिए आभार जताया।



### रोज आ रही बाढ़ पीड़ितों के लिए मदद

ऐसा कोई दिन नहीं जा रहा जब दो चार गांव के लोग पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत लेकर नहीं पहुंच रहे हो। रविवार को ही सोई कला के लोगों के द्वारा पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए एकत्रित किए गए 12150 रुपए ढोटी गुरुद्वारा में पहुंचकर गुरुद्वारा प्रबंधन को के सुपुर्द किए। इससे पहले सामाजिक कार्यकर्ता बिहारी सिंह सोलंकी में गुरुद्वारा प्रबंधन को एकत्रित की गई जनसंयोग राशि 11 हजार रुपए सिख संगत के सुपुर्द किए। शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर ग्राम ज्वालापुर में 51 हजार रुपए और एक ट्राली गेहूं के लिए दिया गया इसी दिन वार्ड क्रमांक 10 श्योपुर में रहने वाले मुस्लिम बस्ती के लोगों ने पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए 51000 और एक ट्रॉली गेहूं सुपुर्द किया। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर कर्बला कमेटी ने शहर में चंदा एकत्रित कर गुरुद्वारा प्रबंधन के सुपुर्द किया।



### गिल ने दी 2 लाख 11 हजार की राशि

पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए श्योपुर जिले के लोग किस तरह दिल खोलकर मदद के लिए अपने हाथ आगे बढ़ा रहे हैं, इसकी बानगी बडौदा कस्बे में देखने को मिली है, जहां जॉन गिल पुत्र डॉ ओंकार सिंह गिल के द्वारा पंजाब के बाढ पीडितो की मदद के लिए अपनी ओर से 2 लाख 11 हजार रूपए की नकद राशि श्योपुर सिख संगत को प्रदान की गई है।

श्राद्धपक्ष के शुरू होते ही अपने पूर्वजों की मुक्ति के लिए लोगों ने नदी-तालाबों पर पहुंचकर किया तर्पण

# पितरों को जलांजलि देने के लिए बड़ी संख्या में जलाशयों पर पहुंचे वंशज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

रविवार को श्रद्धापक्ष शुरू होते ही नदी, तालाबों आदि जलाशयों पर पहुंचे लोग अपने पूर्वजों को तर्पण करते हुए देखे गए। जलांजलि देने का सबसे बड़ा आयोजन शहर के सीप नदी स्थित पंडित घाट पर देखने को मिलता है। यहां पर पूर्वजों को जलांजलि देने पहुंचे लोगों से जलांजलि प्रक्रिया करा रहे पंडित जी ने मंत्रोच्चार के बीच जलांजलि दिलाई। श्राद्धपक्ष के 15 दिनों तक जलाशयों पर लोग अपने पूर्वजों को जलांजलि देने पहुंचते हैं। पंडित घाट पर डाब, जनेऊ, सादा कपड़ा लेकर जलांजलि देने पहुंचे लोगों को नदी में अधिक पानी होने के चलते सुरक्षा को याद दिलाते हुए उतरने दिया। हालांकि इस दौरान कुछ तेराक लोगों ने पीछे खड़े होकर तर्पण के कार्य को अंजाम दिया ताकि पैर आदि फिसलने के कारण कोई गहराई में न चला जाए।



### 15 दिनों तक चलेगा ब्रह्मभोज

श्राद्धपक्ष में ब्रह्मभोज करने की परंपरा है। ऐसी मान्यता है, कि इस पक्ष में ब्राह्मणों को भोजन कराने से मृत आत्मा को शांति मिलती है। इसी के चलते इन दिनों ब्रह्मभोज के लिए ब्राह्मण मिलना मुश्किल हो जाता है। ऐसी मान्यता है, कि ब्राह्मण जितना अधिक प्रसन्न होगा। उतनी ही शांति मृत आत्मा को मिलेगी। इसलिए ब्राह्मणों के लिए स्वादिष्ट, रुचिकर भोजन पकाया जाता है और ब्राह्मणों को भेंट भी दी जाती है। इसके अलावा कौवे को भी भोजन कराने की परंपरा है। ऐसा माना जाता है, कि कौवे यमराज के वाहक हैं और कौवों को भोज कराने से यमराज भी प्रसन्न होते हैं।

खुद का भवन होने के बाद भी किराए के भवन में संचालित हो रहा है आंगनबाड़ी केंद्र

# जनहानि के डर से बनने के बाद से ही बंद है आंगनबाड़ी भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

हाल ही में राजस्थान के झालावाड़ जिले में स्कूल की छत गिरने से बच्चों की मौत के बाद मध्य प्रदेश में भी अलर्ट घोषित किया गया। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने सभी सरकारी स्कूलों का भौतिक सत्यापन करवाया ताकि कोई दुर्घटना न हो। इसके इतर जिले में बड़ी संख्या में ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र भी हैं जो जर्जर होकर कभी भी गिरने की स्थिति में है इनका भौतिक सत्यापन कौन कराएगा यह समझ से परे है। वार्ड क्रमांक 5 की बात की जाए तो यहां पर बच्चों की सुविधा के लिए एक भवन धान मिल फीडर के सामने बाईपास रोड पर बनाया गया था लेकिन भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी की जद में आए इस भवन को इतना घटिया बनाया गया कि इसे बच्चों का प्रवेश के बाद से हीं बंद कर दिया गया। भवन की दीवारें जगह जगह से फट चुकी हैं फर्श कई जगह से धंस चुका है भवन के गिरने और जनहानि होने के डर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बस्ती में ही एक कमरा किराए से लेकर आंगनबाड़ी संचालित कर रही हैं। आश्चर्य की बात यह है कि महिला बाल विकास विभाग ने इस जर्जर भवन को जनहानि के डर से बंद तो कर दिया है लेकिन नगर पालिका द्वारा निर्मित इस भवन की शिकायत नहीं की है।




शहर श्योपुर के वार्ड क्रमांक 5 में आंगनवाड़ी केंद्र 5ए के नाम से जो भवन बनाया गया है वह इतना घटिया निर्माण किया गया है कि इसमें बच्चों को बैठाकर गतिविधियों को कराने में भी विभाग ने कोताही बरती। हालांकि घटिया निर्माण की शिकायत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने खुद नगर पालिका में आवेदन देकर की थी समाचार पत्रों में खबरें छपने के बाद वार्ड वासियों ने अपने बच्चों को आंगनबाड़ी भवन में भेजने से इनकार कर दिया बस्ती वासियों के विरोध के बाद आंगनबाड़ी केंद्र में तो ताला डाल दिया और केंद्र किराए के भवन में संचालित कर दिया पर इस घटिया भवन के लिए जो 11 लाख रुपए महिला बाल विकास विभाग ने नगर पालिका को दिए थे उसका हिसाब तक महिला बाल विकास विभाग ने नहीं लिया उल्टे शिकायत करने पर कार्यकर्ता को सीडीपीओ ने पद से पृथक करने की धमकी भी दी। जिसके कारण कार्यकर्ता भी अब नगर पालिका या ठेकेदार की शिकायत नहीं कर रही है ऐसा लग रहा है कि ठेकेदार ने नगर पालिका के इंजीनियर और अधिकारियों को कमीशन देने के साथ-साथ सीडीपीओ को भी मोटी रकम रिश्वत में दी है जिसके चलते वह इस जर्जर भवन की शिकायत तक नहीं कर पाए।

### इनका कहना..

मुझे अभी कुछ ही दिन हुआ है प्रभार मिले मुझे इस भवन के बारे में जानकारी आपसे ही मिली है। मैं कल मौके पर जाकर स्थिति को देखूंगी, कार्यकर्ता से जानकारी लूंगी और जरूरत हुआ तो जिला अधिकारी को बताऊंगी। इस संबंध में क्या हो सकता है जिला अधिकारी ही कुछ करेंगे।

**हेमलता शर्मा**
**प्रभारी सीडीपीओ शहरी परियोजना**

# ज्योति कलश रथ सेमल्दा समेत कई गांवों में पहुंचा, हुआ पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

देश भ्रमण को निकाला जा रहा ज्योति कलश रथ रविवार को ग्राम सेमल्दा, ब्रह्मपुरा, हनुमान खेडा, रघुनाथ पुरा, मयापुर मे पहुंचा,जहां ग्रामीणों ने रथ के दिव्य दर्शन किए। शाहपुरा स्थित अश्वेत स्वरूप प्रकाश आश्रम में दीप महायज्ञ आयोजित हुआ। यह कलश रविवार को सर्वप्रथम ग्राम ब्रह्मपुरा पहुंचा जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों ने कलश का दिव्य दर्शन कर पूजन अर्चन किया। इसके पश्चात यह रथ ग्राम सेमल्दा हवेली के हनुमान मंदिर पहुंचा जहां पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ का संचालन विष्णु शर्मा ने किया। इस अवसर पर चौथमल शर्मा, आदित्य चौहान, महेंद्र शर्मा, बालाराम गुर्जर, प्रमोद शर्मा, लेखराज सुमन बंटी लोधा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।यज्ञ के दौरान ग्रामवासियों को नशे से मुक्ति का संदेश दिया गया तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए कम से कम पांच पेड लगाने का संकल्प दिलाया गया।यज्ञ के उपरांत रथ ने ग्राम मायापुर, हनुमान खेडा, रघुनाथ पुरा आदि ग्रामों का भ्रमण किया जहां ग्रामीणों ने ज्योति कलश का पूजन अर्चन किया यहां ग्राम वासियों को सद साहित्य का वितरण किया गया।




# 25 सचिव, 2 पीसीओ, 1 एडीईओ एवं 4 उपयंत्रियों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार पीएम जनमन योजना के तहत आवास निर्माण कार्यों में कम प्रगति के लिए सीईओ जनपद पंचायत श्योपुर एसएस भटनागर द्वारा जनपद क्षेत्र के 25 पंचायत सचिवों, 2 पीसीओ, 1 एडीईओ तथा 4 उपयंत्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये हैं। सीईओ जनपद एसएस भटनागर द्वारा प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण कार्यो में कम प्रगति के लिए ग्राम पंचायत जानपुरा, ललितपुरा, काशीपुर, सिरसौद, मकडावदा कलां, तेहखण्ड, बागल्दा, नयागांव ढोढपुर, फिलोजपुरा, जैदा, पनवाड, मानपुर, मेखडाहेडी, महाराजपुरा, हलगावडा खुर्द, राधापुरा, रतोदन, कुंहाजापुर, उदोतपुरा, इन्द्रपुरा, बगदिया, राडेप, कुडायथा, ढोढर, भिलवाडिया को नोटिस जारी किये गये है। इसी प्रकार पंचायत समन्वय अधिकारी आशिक मोहम्मद एवं रामप्रसाद गोरसिया, सहायक विकास विस्तार अधिकारी अमन शिवहरे एवं उपयंत्री सुरेन्द्र धाकड,टीनू त्यागी, प्रेमलाल राठौर एवं खुशीर अहमद को भी नोटिस जारी किये गये है।

उक्त सभी से तीन दिवस में स्पष्टीकरण मांगा गया है, अन्यथा की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही के साथ ही माह सितंबर 2025 का वेतन रोकने अथवा राजसात करने की कार्यवाही की जायेगी।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किया सम्मानित

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ द्वारा शिक्षक दिवस पर लगातार पन्द्रहवी बार किया गया आयोजन।

अशोकनगर। मुंगावली में शिक्षक दिवस में उपलक्ष्य में राज्य कर्मचारी संघ द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारी सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें हेमन्त श्रीवास्तव महामंत्री जितेन्द्र सिंह कोषाध्यक्ष केसी मेवाड़े, प्रांतीय संगठन मंत्री राजकुमार चंदेल, प्रांतीय प्रवक्ता अनिल भार्गव वायु के अलावा जिला शिक्षा अधिकारी चन्द्रशेखर सिसौदिया, डीपीसी राहुल शर्मा, गुना डीपीसी ऋषि शर्मा, तहसीलदार सोनम शर्मा, बीईओ व बीआरसीसी मुंगावली के अलावा अन्य कर्मचारी नेता मौजूद रहे। देखा जाए तो पिछली पन्द्रह वर्षो से लगातार राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सन्तोष शर्मा व उनकी टीम के द्वारा यह आयोजन किया जाता है और इस बार सभी विभागों के 48 कर्मचारियों का सम्मान किया गया जिसमें इनको प्रमाण पत्र, प्रतीक चिन्ह व शॉल श्रीफल के साथ सभी अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके किया गया और उसके बाद सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संतोष शर्मा, शिवकुमार शर्मा आदि ने संबोधित किया गया। वहीं मंच से बोलते हुए प्रांतीय महामंत्री जिनेन्द्र सिंह राजपूत ने पिछले दिनों सीएम द्वारा कर्मचारियों के हिंतो में किये गए निर्णयों के बारे में बताया।

# कोतवाली पुलिस ने दबोचे 2 आदतन अपराधी,जब्त की 121 लीटर अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अवैध शराब और अवैध मादक पदार्थो की खरीद फरोख्त में लिप्त रहने वाले लोगों पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस ने अभियान छेड दिया है। एसपी वीरेन्द्र जैन के निर्देश पर शुरू किए गए इस अभियान के तहत कोतवाली थाना पुलिस ने दो आदतन अपराधियों को अरेस्ट करते हुए उनके कब्जे से 121 लीटर अवैध शराब जब्त की है। कोतवाली टीआई सतीश सिंह चैहान ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए बगवाज रोड पुलिया के पास से राजू उर्फ मुजक्किर पुत्र मुजफ्फर अली निवासी बंजाराडैम हसनपुरा हवेली अरेस्ट किया है। इस दौरान उसके कब्जे से 56 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। जिसे एक केन में भरकर आरोपी कहीं खफाने की जुगत में था। जबकि बायपास रेलवे क्रॉसिंग क्षेत्र से मौजूद खान पुत्र मकसूद निवासी बडाइमामबाडा श्योपुर को दबोचा गया। उसके कब्जे से 65 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। टीआई ने बताया कि यह दोनो आदतन अपराधी है,जिनके खिलाफ कोतवाली थाने में एनडीपीएस और आबकारी एक्ट सहित अन्य कई धाराओं में कई अपराध दर्ज है।



सीएम हेल्पलाइन तक पहुंची शिकायत, फिर भी न खत्म हुआ अटैचमेंट, न हुई किसी दूसरे शिक्षक की पदस्थापना

# कैसे हो पढ़ाई: हिरनीखेड़ा स्कूल में तीन शिक्षक पदस्थ इनमें एक अटैच, दो पर बीएलओ की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले के ग्राम हिरनीखेड़ा स्थित सरकारी मिडिल स्कूल में अध्ययनरत बच्चों को पढ़ाने के लिए भलेही तीन शिक्षकों की पदस्थापना बनी हो, लेकिन इनमें से एक शिक्षिका तो सालभर से विजयपुर के एसडीएम कार्यालय में चुनावी कार्य के नाम पर अटैच बनी हुई हैं। वहीं स्कूल के दोनों शिक्षकों पर अलग अलग गांवों का बीएलओ बनाए जाने की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंप रखी है। ऐसे में स्कूली बच्चों की बेहतर पढाई कैसे होगी,यह सवाल गांव के कई ग्रामीण उठा रहे है। विशेष बात यह है कि इस समस्या का समाधान कराए जाने के लिए सीएम हेल्पलाइन तक शिकायत भी की जा चुकी है,लेकिन इसके बाद भी अभी तक न तो शिक्षिका अटैचमेंट समाप्त हो सका है और न ही किसी दूसरे शिक्षक की पदस्थापना विद्यालय में हो सकी है।

पांडोला संकुल केन्द्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम हिरनीखेडा स्थित एकीकृत शाला शासकीय माध्यमिक विद्यालय में कक्षा एक से कक्षा 8 वीं तक के 127 बच्चे अध्ययनरत है। इन बच्चों को पढाने के लिए इस विद्यालय में तीन शिक्षकों की पदस्थापना है। जिनमें प्राथमिक शिक्षक राधेश्याम मीणा, सत्येन्द्र सुमन और आरती गोयल शामिल है। ग्रामीणों का आरोप है कि तीन शिक्षकों की पदस्थापना होने के बाद भी विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों की पढाई ठीक ढंग से नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों की पढ़ाई ठीक ढंग से होगी भी कैसे, क्योंकि शिक्षिका आरती गोयल तो विजयपुर के एसडीएम कार्यालय में अटैच है। विद्यालय के प्रभारी राधेश्याम मीणा को बच्चों की पढाई के साथ जहां हिरनीखेडा गांव के बीएलओ की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी सौंप रखी है। वहीं विद्यालय के तीसरे शिक्षक सत्येन्द्र सुमन को पांडोला गांव का बीएलओ बना रखा है। बीएलओ की अतिरिक्त जिम्मेदारी होने के कारण ये दोनो शिक्षक भी बच्चों की पढाई पर इतना ध्यान नहीं दे पा रहे है, जितना ध्यान बच्चों की पढ़ाई पर देने की जरूरत है।




### सीएम तक पहुंचा दी शिकायत, फिर भी गंभीर नहीं जिम्मेदार

शामावि हिरनीखेडा में पदस्थ शिक्षिका के अटैचमेंट को समाप्त किए जाने के लिए कांग्रेस नेता रामलखन हिरनीखेड़ा के द्वारा शिक्षा विभाग के अधिकारियों से लेकर सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से सीएम तक भी शिकायत पहुंचा दी गई है। साथही यह मांग भी की गई है कि यदि शिक्षिका का अटैचमेंट समाप्त न किए जाए तो उसकी जगह किसी दूसरे शिक्षक की पदस्थापना हिरनीखेडा स्कूल में कर दी जाए,ताकि बच्चों की पढाई प्रभावित नही हो पाए। लेकिन इसके बाद भी न तो शिक्षिका का अटैचमेंट समाप्त हुआ और न किसी दूसरे शिक्षक की पदस्थापना विद्यालय में की गई है।

### चुनावी कार्य के नाम पर शिक्षिका का अटैचमेंट

शामावि हिरनीखेडा में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक आरती गोयल बीते सालभर विजयपुर स्थित एसडीएम कार्यालय में अटैच बनी हुई है। जिसे तत्कालीन कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड के आदेश पर 25 अप्रैल 2024 को चुनावी कार्य के लिए विजयपुर एसडीएम कार्यालय में अटैच किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि फिलहाल कोई चुनाव भी नहीं है,इसके बाद भी उक्त शिक्षिका को कौन से चुनावी कार्य के लिए विजयपुर में अटैच किया हुआ है। बता दें कि इसके पहले भी उक्त शिक्षिका विजयपुर क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल में अटैच रह चुकी है। ऐसे में ग्रामीणों का कहना है कि यदि उक्त शिक्षिका की विजयपुर को अधिक जरूरत है तो उसकी विधिवत पदस्थापना भी विजयपुर के सरकारी स्कूल में ही कर दी जाए और उसकी जगह किसी दूसरे शिक्षक की पदस्थी यहां हिरनीखेडा में कर दी जाए। ताकि बच्चों की पढाई तो प्रभावित नहीं हो पाए।

### इनका कहना है...

ग्राम हिरनीखेड़ा के सरकारी मिडिल स्कूल में यदि ऐसी स्थिति है तो उसे दिखवाते हुए उसमें सुधार की कार्रवाई की जाएगी। प्रयास किए जाएंगे कि बच्चों की पढ़ाई किसी भी प्रशासनिक कारण से प्रभावित न हो।

**रूपेश उपाध्याय**
**अपर कलेक्टर, श्योपुर**

# नारी स्वास्थ्य संजीवनी अभियान आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के नवाचार के तहत सभी महिलाओं के हेल्थ चैकअप एवं उपचार हेतु नारी स्वास्थ्य संजीवनी अभियान की शुरूआत 8 सितंबर से हो रही है। 8 सितंबर सोमवार को श्योपुर, विजयपुर एवं कराहल विकासखण्ड के 67 ग्रामों सहरिया बस्तियों में नारी स्वास्थ्य कल्याण शिविर आयोजित किये जायेगे। नारी स्वास्थ्य कल्याण शिविर 8 सितंबर को श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम सिसवाली, पदमपुरा, ज्वाड, बगदरी, शाहपुरा, चन्द्रपुरा, मऊ, शंकरपुर, भीकापुर, पाण्डोला, हनुमानखेडा, फतेहपुर, महाराजपुरा, पानडी, मेखडाहेडी, मेडखेडी, हसनपुर हवेली, सेमल्दा, माकडोद, हिरनीखेडा की सहरिया बस्तियों में शिविर लगाये जायेगे।

कराहल विकासखण्ड के ग्राम टिकटोली, झिरन्या, अभयपुरा, बावडीचापा, जाखदा, भेला, खोरी, बर्धाखुर्द, आवदा, पनार, बंधाली, चक रामपुरा, अजनोई, डोब, कर्राई, लटावनी, पहेला, ढेगदा, कलारना, बाढ, पनवाडा, सीलपुरी, अधवाडा, सेथपुर, बांसेड, अगरा, लहरौनी, कलमी में शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार विजयपुर विकासखण्ड अंतर्गत गोपालपुर सहराना, खितरपाल सहराना, गावंडी सहराना, बीसा सहराना, गोलीपुरा, ठकुरपुरा, ऊमरीकलां सहराना, अगरा सहराना, पिपरवास, चिलवानी, नथोलीपुरा, सेवला, सनखोरा, रामपुरा-भैरोपुरा, ओछापुरा, चक सीताराम की सहरिया बस्तियों सहित पकोडिया का सहराना, आकोरिया का सहराना एवं टावर सहराना में शिविर लगाये जायेगे। इन शिविरों में महिलाओं से संबंधित 8 प्रकार की जांच की जायेगी, जिसमें एएनसी जांच, एनसीडी स्क्रीनिंग एवं उपचार, टीबी जांच, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच, हीमोग्लोबिन, बीपी एवं शुगर की जांच की जाएगी।

## खबर संक्षेप


कार्यालय जनपद पंचायत पिछोर, जिला शिवपुरी(म.प्र.)
क्र/स्था./2025/1178 पिछोर, दिनांक-03-09-2025
- आदेश -
अतः श्रीमती स्नेहा गुप्ता, एपीओ मनरेगा, एवं श्रीमती वीणा मजेजी एपीओ मनरेगा को 1 दिवस (दिनांक 03/09/2025) के लिए अवैतनिक किया जाता है।
यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।
(एन एस नरवरिया)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत पिछोर
पिछोर, दिनांक-03-09-2025

### जनपद से बिना सूचना के महिला कर्मचारी गायब, सीईओ ने काटा एक दिन का वेतन

**पिछोर।** जनपद पंचायत पिछोर में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवपुरी तथा जनपद पंचायत पिछोर मुख्य कार्यपालिका एन एस नरवरिया ने बुधवार जनपद पंचायत का कक्ष बाय निरीक्षण किया जिसमें दो कर्मचारियों को अनुपस्थित पाया जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत पिछोर में पदस्थ स्नेहा गुप्ता एपीओ मनरेगा तथा वीणा मजेजी एपीओ मनरेगा बिना किसी सूचना के कार्यालय से अनुपस्थित पाई गई सूत्रों के अनुसार पूर्व में भी इन कर्मचारियों को कार्यालय से उपस्थित रहने पर तथा मुख्यालय पर निवास करने हेतु निर्देशित किया गया था बावजूद इसके आज अनुपस्थित पाई गई। उनके कार्य प्रणाली में कोई सुधार नहीं पाया गया जिस पर सीईओ 1 दिन का वेतन राजसात किए जाने की कार्यवाही की है सीईओ नरवरिया ने कहा कि कर्मचारियों द्वारा कार्य में किसी तरह की कोताही नहीं बरती जानी चाहिए ।

### पूर्व नपं अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे ने यादव की धर्मपत्नी के निधन पर व्यक्त की शोक संवेदना



**कोलारस।** कोलारस नगर के वार्ड क्रमांक 03 में इंदिरा कॉलोनी में निवासरत राजेन्द्र सिंह यादव बडेरा वालों की धर्मपत्नी श्रीमती कैलाश देवी यादव के आकस्मिक निधन पर भाजपा नेता,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। शिवहरे ने शोक संतप्त परिवार जनों का ढांढस बधाया। शिवहरे ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा उनके परिवार जनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

### बदरवास के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती बनाईं सुंदर मूर्तियां

# स्कूल में अनंत चतुर्दशी पर मिट्टी के गणेश बनाने की प्रतियोगिता के विजेताओं का हुआ पुरस्कार वितरण, छात्राओं को किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बदरवास



बच्चों को परंपरा,संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से जोड़ने हेतु मिट्टी के गणेश भगवान बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन बदरवास के शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में गत दिनों किया गया था। छात्राओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाली छात्राओं को अनंत चतुर्दशी पर पुरस्कार वितरण का भव्य कार्यक्रम शनिवार को आयोजित हुआ। छात्राओं ने अपनी अद्भुत रचनात्मकता और कला का परिचय देते हुए भगवान गणेश की विविध प्रतिमाएँ बनाईं, जिनमें कला,भक्ति और सामाजिक संदेश का सुंदर संगम देखने को मिला।

प्रतियोगिता में विजेता एवं सभी सम्मिलित छात्राओं को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। गणेश उत्सव के अंतिम दिवस अनंत चतुर्दशी पर कन्या हायर सेकंडरी बदरवास में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं को व्यक्तित्व विकास,सामाजिक चेतना और ये प्रेरणा देना था कि धार्मिक आस्था और त्यौहार मनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी भी हमारी है। मिट्टी के गणेश बनाने की प्रतियोगिता में छात्राओं ने मिट्टी के माध्यम से अपनी कला को जीवंत करते हुए सुंदर,मनमोहक, आकर्षक और अनोखी गणेश प्रतिमाएँ बनाईं। प्रतियोगिता मैं कक्षा 9 एवं 10 की छात्राएं जूनियर ग्रुप तथा कक्षा 11 एवं 12 की छात्राओं को सीनियर ग्रुप में रखा गया। छात्राओं द्वारा बनाई गई मूर्तियां में से सीनियर और जूनियर दोनों ही ग्रुपों में से प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली और प्रतियोगिता में सम्मिलित सभी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन में प्रतिमाओं को रचनात्मकता,कलात्मकता,स्वच्छता,संदेश और भक्ति भाव जैसे मानकों पर परखा। छात्राओं द्वारा बनाई गईं सुंदर प्रतिमाओं में से सीनियर ग्रुप में प्रथम राधिका प्रजापति ,द्वितीय सोनिया कुशवाह और तृतीय स्थान प्रगति श्रीवास्तव ने प्राप्त किया तथा जूनियर ग्रुप में प्रथम रोशनी जाटव, द्वितीय मोहिनी कुशवाह ,तृतीय स्थान पर रितिका कुशवाह रहीं। प्रथम, द्वितीय,तृतीय स्थान पर रहने वाली एवं प्रतियोगिता में सहभागी समस्त छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए आकर्षक पुरस्कार वितरित किए गए। छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए शिक्षक गोविन्द अवस्थी ने कहा कि भगवान गणेश प्रथम पूज्य तथा बुद्धि और कला प्रदाता हैं। यदि हम उनकी पूजा मिट्टी से बनी प्रतिमाओं से करेंगे तो इससे हमारी आस्था भी सुदृढ़ होगी और पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। छात्राओं ने यह सिद्ध किया है कि वे न केवल पढ़ाई में बल्कि कला और सामाजिक चेतना में भी आगे हैं।प्राचार्य चंद्रवीर सिंह सेंगर ने कहा कि छात्राओं की मेहनत और उनकी रचनात्मकता वाकई सराहनीय है।यह प्रतियोगिता केवल कला प्रदर्शन नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संकल्प है।

कपिल परिहार ने कहा कि इस तरह की रचनात्मक और सामाजिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण प्रतियोगिताएँ छात्राओं में कला, संस्कृति और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति सजग करने का काम करती हैं।शिक्षक चंद्रभान श्रीवास्तव,ममता श्रीवास्तव, डॉ ममता यादव, उदयसिंह,राजेश मिश्रा ने छात्राओं की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य में और भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि प्रतियोगिता सभी प्रतिभागियों के लिए एक सीख है कि किस प्रकार हम अपनी परंपराओं को जीवित रखते हुए आधुनिक समस्याओं का समाधान भी कर सकते हैं। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में बसंती मिंज, विनीता कुशवाह,शशि गुप्ता,मिथलेश मीणा,राजेश मिश्रा,शैलेंद्र भदौरिया,हरवीर यादव,निर्मला शर्मा,दलवीर सिंह,हितेंद्र कुशवाह,नावेद अली,बलराम परिहार सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

### हनुमान मंदिर से बैलगाड़ी पर सवार होकर निकले बप्पा



**दिनारा।** कस्बे के अशोक होटल तिराहे पर हनुमान जी मंदिर पर विराजमान गणपति बप्पा की विदाई की जब बैलगाड़ी से पूरे भारत में एक अनोखी पहला बनी गणपति बप्पा की सवारी बैलगाड़ी में सवार होकर गणपति बप्पा पूरे दिनारा से निकलकर श्री गिर्राज जी धरण तालाब पर हुआ विसर्जन गौ सेवक की अनोखी पहल बैलगाड़ी बैठे गणपति बप्पा गौ सेवक बने नदीं पुराने रीति रिवाज से बैलगाड़ी में सवार होकर निकले गणपति बप्पा सभी बाबा के भक्त लोग जिसमें बड़ी संख्या महिला छोटे-छोटे बच्चे सभी लोगों ने भाग लिया जिसमें डीजे ढोल नगाड़े बजाते हुए बाबा का जयकारे लगाते हुए गौ सेवक कल्लू महाराज ने पूरे भारतवर्ष में एक अनोखे अंदाज में निकले गणपति बप्पा जिसमें भक्त लोगों के नाम दीपक तिवारी दीपक केवट जितेंद्र लोधी दीपक लोधी भोला यादव मयूर साहू छोटू शर्मा नाथू महाराज संजू ठाकुर मैथिली शरण गुप्ता जी आशीष गुप्ता सहित मौजूद रहे।

### दूसरे दिन भी निकले शहर में भगवान गणेश के चल समारोह



**बीना।** गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन दूसरे दिन भी जारी रहा। शहर में करीब एक दर्जन से अधिक प्रतिमाओं का चल समारोह निकाल कर श्री देव रघुनाथ ट्रस्ट बड़ा मंदिर स्थित मोतीचूर नदी घाट पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। वहीं शनिवार की देर रात शहर में प्रतिमाओं का चल समारोह आयोजित कर प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। गौरतलब है कि श्रद्धालुओं ने सुंदर-सुंदर झांकियों में भगवान गणेश की प्रतिमाओं को विराजमान कर अगले वर्ष तू जल्दी आ का जयकारे लगाते हुए भगवान गणेश की विदाई की। इस दौरान बैलून, फूलों आदि से वाहनों को सुसज्जित कर ढोल, नगाड़ों एवं डीजे के बीच रंग,गुलाल उड़ाते, नृत्य करते एवं अखाड़ों पर करतब करते हुए चल समारोह निकाले गए।

### सबसे सुंदर थाली अर्चिता कुशवाहा ने सजाई, मिला प्रथम पुरस्कार

**बीना।** श्री नामदेव गणेश उत्सव मंडल के द्वारा आयोजित भव्य गणपति झांकी में थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कुशवाहा समाज की प्रदेश महामंत्री एवं नगर अध्यक्ष महिला मंडल शांति संतोष कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष जसविंदर सिंह संधू एवं विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में अत्यंत सुंदर थाली सजाने पर प्रथम पुरस्कार अर्चिता कुशवाहा को दिया गया। द्वितीय पुरस्कार रुचिका प्रजापति एवं तृतीय पुरस्कार प्रतिक्षा साहू को प्राप्त हुआ। इस मौके पर शुभम नामदेव भाऊ, हर्ष सोनी, राज सोनी, शुभ सेन, सत्यम नामदेव आदि उपस्थित रहे।



### पुलिस ने हत्या का 48 घंटे में खुलासा कर दो को किया गिरफ्तार

## मां की पैतृक जमीन लेने से इंकार करने पर साले संग मिलकर बेटे ने शराब पिलाकर पिता को दी मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

मां की पैतृक जमीन लेने से मना करने पर आरोपी पुत्र घनसुन्दर द्वारा साले अंकित के साथ मिलकर पिता को सुनसान जगह पर ले जाकर शराब पिलाई और कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। दिनांक 02.09.2025 को फरियादी घनसुन्दर पुत्र इमरतलाल कुशवाह उम्र 21 साल निवासी ग्राम पोहा वार्ड नं.09 नरवर द्वारा थाना नरवर पर सूचना किया कि उसके पिता इमरतलाल पुत्र धनीराम कुशवाह उम्र 50 साल का शव गोलखांद दरगाह के पास सतनवाडा रोड पर मिला है। फरियादी द्वारा बताया गया कि उसके पिता दिनांक 01.09.2025 शाम को करीबन 03 बजे घर से बगेर बताये कहीं पर चले गये थे जिनकी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर दी गयी है। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर से थाना नरवर पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 203/2025 धारा 103 बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड के द्वारा घटना का पूरा संज्ञान लिया एवं मोनीटरिंग करते हुये घटना के प्रत्येक पहलू का खुलासा कर आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन एवं अति० पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले के मार्गदर्शन मे एस०डी०ओ०पी करैरा डॉ० आयुष जाखड़ के नेतृत्व मे थाना प्रभारी नरवर के साथ पुलिस टीम गठित की कर विवेचना को आगे बढाते हुये पुलिस द्वारा मृतक के पुत्र घनसुन्दर कुशवाह से पूछताछ की गयी जिसमे में उसने अपने रिस्तेदारों पर हत्या का आरोप लगाया, पुलिस द्वारा गहनता से जांच करते हुये उक्त लोगों के विरूद्ध घटना में संलिप्त होने के कोई साक्ष्य नही पाये गये। पुलिस द्वारा तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्य साक्षों, घटनास्थल के आस-पास व आने जाने वाले रास्तों पर लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरो की रिकॉर्डिंग को खंगाला एवं आने-जाने वालों से पूछताछ की गयी जिसमे मृतक के पुत्र घनसुन्दर एवं साले अंकित कुशवाह पर संदेह हुआ। पुलिस द्वारा दोनो संदेहीयों से पूछताछ की गयी जिसमे उन्होनें अपराध करना स्वीकार किया एवं बताया कि घनसुन्दर अपनी माता की पैतृक संपत्ति स्वयं लेना चाहता था जिसके लिये उसके पिता इमरतलाल द्वारा मना किया गया था। इसी बात पर से आरोपी पुत्र घनसुन्दर कुशवाह द्वारा अपने साले अंकित कुशवाह के साथ मिलकर पिता इमरतलाल की हत्या कर रास्ते से हटाने की साजिश रची, जिसके तहत आरोपी अंकित कुशवाह द्वारा सुनसान जगह पर मृतक इमरतलाल कुशवाह को शराब पिलाई एवं घनसुन्दर को बुलाकर नशे की हालत मे निर्मम हत्या कर दी।

### श्रीधर राव खांडेकर बने अध्यक्ष,गणेशोत्सव के बाद पुरस्कार वितरण किए

## महाराष्ट्र समाज की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



महाराष्ट्र समाज के द्वारा आ यो जि त गणेश उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। संजय बापट ने भगवान गणपति का विधि विधान से पूजन कर पर्यावरण को ध्यान में रखकर खांडेकर मंदिर के प्रांगण में एक हौज में जल भरकर विसर्जन किया गया। साथ ही 10 दिन तक चले कार्यक्रम के बाद पुरस्कार वितरण किए गए। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर पर श्री गणेश की झांकी तैयार करने वाले हेमंत कहू का महाराष्ट्र समाज मंडल ने हेमंत कहू एवं अभय आचवल का शाल श्रीफल से अभिनंदन किया।

### नई कार्यकारिणी का हुआ चुनाव

*इसके अलावा महाराष्ट्र समाज की कार्यकारिणी समिति के चुनाव संपन्न हुए। जिसमें श्रीधर राव खांडेकर को सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का नव निर्वाचित अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष शोभा दांडगे, सचिव सुभाष गुने, सहसचिव मंजूषा नाईक, कोषाध्यक्ष नारायण राव धर्मपुरीकर एवं कार्यकारिणी सदस्य संजय बापट व अनंत आचवल चुने गए। निर्वाचन अधिकारी अरविंद धरमपुरीकर और यशवंतराव आठले ने चुनाव समपन्न कराए। समाज के सभी लोगों ने नव निर्वाचित समिति के लिए शुभकामनाएं दी।*

### समाज के शिक्षकों का किया सम्मान

*अलावा उदय आचवल परिवार के द्वारा महाराष्ट्र समाज के समस्त शिक्षक यशवंतराव आठले, वसंतराव आठले, शारदा खोपकर, अरविंद धर्मपुरीकर, रेणुका, गायत्री गुणे, विवेक कानिटकर, नारायणराव धर्मपुरीकर, मंजूषा नाइक, सुलोचना पुराणिक आदि का शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रमों के दौरान विकास बापट, डॉ श्याम बापट, श्रीधर राव खांडेकर, रघुनाथ राव, खांडेकर सुभाष गुणे, अरविंद धर्मपुरीकर, दीपक मोघे, प्रकाश नाइक समस्त महिलाएं उपस्थित रहे।*

## 'श्रीमद्भागवत कथा सुनकर जीव जन्म मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



चौबे परिवार के द्वारा मां जागेश्वरी धाम पर पितृपक्ष के अवसर पर भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के पहले दिन ढोल नगाड़ों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। कथा व्यास जय नारायण शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म नहीं अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही हमारे शुभ कर्मों का उदय होता है। कथा सुनने मात्र से जीव जन्म और मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है।

उन्होंने कहा कि नारद जी ने भक्ति देवी के कष्ट की निवृत्ति के लिए श्रीमद् भागवत कथा का साप्ताहिक अनुष्ठान किया था। जहां संत कुमारों ने भागवत का प्रवचन करते हुए नारद के मन का संशय दूर किया। इसी कथा को धुंधकारी प्रेत ने अपने अग्रज से श्रवण किया और प्रेत योनि से मुक्ति पाकर विष्णु लोक को प्राप्त हुए। कथा व्यास ने कहा कि भागवत श्रवण से जीव के सभी पाप कर्म मिट जाते हैं। अंत में सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण किया। इसमें मुख्य यजमान आशीष चौबे, विकास चौबे, सचिन चौबे, पं दशरथ पुरोहित, एचडी गोस्वामी, रमाकांत बिलगैंया, सुनील सिरोठिया, विनायक चतुर्वेदी, अवधेश तिवारी, भक्त माली, सतीश तिवारी, अजय प्रताप सिंह, परितोष तिवारी आदि मौजूद थे।

## छोटी बजरिया जैन मंदिर में की गई शांतिधारा व अभिषेक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

छोटी बजरिया स्थित श्री 1008 सहस्त्रफणी पारसनाथ दिगंबर पंचायती जैन मंदिर में पर्युषण पर्व के दसवें दिन सांगानेर से पधारे अमन भैया के सानिध्य में सुबह प्रथम वेदी मूलनायक श्री 1008 पारसनाथ भगवान, द्वितीय वेदी मूलनायक श्री 1008 महावीर भगवान एवं तृतीया वेदी श्री 1008 आदिनाथ भगवान के समक्ष अभिषेक एवं शांतिधारा नित्य नियम पूजा एवं दोपहर में घटयात्रा एवं अभिषेक शांतिधारा संपन्न हुई। शाम को महाआरती संगीत की झंकार में सभी पुरुष महिला एवं बच्चों ने श्री जी की आरती की। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। साथ ही छोटी बजरिया की महिला मंडल द्वारा विशेष प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में प्रवचन देते हुए अमन भैया ने बताया जरूरत के अनुसार सादा भोजन करना, शरीर की नाश वरता को समझना, काम से दृष्टि हटाकर राम की ओर ले जाना और आत्मधाम की प्राप्ति ब्रह्मचर्य का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन धर्मों को जानने के बाद हम आत्मा में रमन करना सीख जाते हैं। यही उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म है इसका पालन करने से यौन संयम ही नहीं बल्कि मानसिक, आध्यात्मिक, आत्म-नियंत्रण इच्छा शक्ति और ज्ञान का विकास करके मोक्ष मार्ग तक पहुंच जाते हैं।इस मौके पर प्रवीण, प्रदीप, संजू, संजय, सुनील, सम्यक, रमेश, कमल, यश, अनिल, शालिनी, रानी, कल्पना, प्रियंका, आशा, मंजू, सरिता, रजनी, राजेश आदि उपस्थित रहे।

## ब्रह्मचर्य का पालन इंद्रियों पर नियंत्रण रखना अत्यंत जरूरीः पंडित अभिषेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में 10 लक्षण महापर्व के अंतिम दिन सांगानेर संस्थान से पधारे पंडित अभिषेक शास्त्री के निर्देशन में 10 लक्षण पर्व के प्रतिदिन 10 लक्षण का पूजा, विधान का आयोजन किया गया। शनिवार को अंतिम दिन 10 लक्षण विधान उपरांत हवन का आयोजन किया गया। जिसमें जैन समाज के बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष वर्ग ने हिस्सा लिया। ब्रह्मचर्य धर्म के बारे में पंडित अभिषेक शास्त्री ने बताया जैन धर्म में ब्रह्मचर्य का पालन इंद्रियों पर नियंत्रण रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। व्यक्ति को अपनी दृष्टि श्रवण, घ्राण, रसना और स्पर्श इंद्रियों पर नियंत्रण रखना होता है। ब्रह्मचर्य के पालन के द्वारा ही मनुष्य अपने जीवन में संयम और अनुशासन ला सकता है एवं आध्यात्मिक और नैतिक उन्नति भी प्राप्त कर सकता है। व्यक्ति को कामवासना लोग, क्रोध और मोह जैसी वासनाओं से मुक्ति होने का प्रयास करना चाहिए। ब्रह्मचर्य व्रत का अर्थ केवल शारीरिक संयम नहीं बल्कि मन वचन और कर्म की पवित्रता भी है। ब्रह्मचर्य धर्म का पालन किए बिना मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति नहीं हो सकती।

## 'ब्रह्मचर्य आत्मा को परम शांति और पवित्रता की ओर ले जाने वाला धर्म'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



ब्रह्मचर्य आत्मा को परम शांति और पवित्रता की ओर ले जाने वाला धर्म है। यह बात तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय में चल रहे धार्मिक प्रवचनों की श्रृंखला में दसवें दिन प्रतिष्ठाचार्य पंडित नेमीचंद गोयल ने उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने आगे कहा कि जैन धर्म के अनुसार ब्रह्मचर्य का अर्थ केवल शारीरिक संयम नहीं बल्कि मन, वचन और कर्म की पवित्रता भी है।

जब साधक अपनी इंद्रियों को वश में रखकर आत्मा के स्वाभाविक स्वरूप में स्थित होता है तभी वास्तविक ब्रह्मचर्य की साधना होती है। पंडित जी ने बताया कि गृहस्थ जीवन में ब्रह्मचर्य का पालन अपने विचारों और आचरण को मर्यादा में रखकर करना चाहिए। ब्रम्हचर्य अध्यात्म मार्ग में ब्रह्मचर्य सर्वप्रधान माना जाता है क्योंकि ब्रम्ह स्वरूप में रमनता ही वास्तविक ब्रम्हचर्य है। ब्रह्मचर्य का पालन करने से मन की चंचलता दूर होती है और आत्मा निर्मल बनती है। इस धर्म की साधना से साधक सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर मोक्ष के पथ पर अग्रसर होता है। अंत में उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में ब्रह्मचर्य व्रत को भली भाँति आत्मसात कर ले तो वह समाज में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करता है समाज में शांति और सद्भाव का वातावरण स्थापित होता है।

### बैंक ने सीएसआर फंड से सामग्री छात्रों की मदद का बढ़ाया हाथ

## सरकारी विद्यालय के छात्रों के लिए आईडीबीआई बैंक ने पंखे एवं वाटर कूलर सहित अन्य सामग्री भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



शिवपुरी के आईडीबीआई बैंक ने अपने सीएसआर फंड से जिले के दो शासकीय विद्यालयों के छात्रों की मदद के लिए विभिन्न प्रकार की सामग्री उपलब्ध कराई है।

आईडीबीआई बैंक शिवपुरी शाखा के एजीएम विपिन श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के जिला मुख्यालय पर स्थित शासकीय उच्चतर हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक- 2 के लिए सीएसआर फंड से आईडीबीआई बैंक के द्वारा 20 सीलिंग फैन, 20 बोर्ड और एक माइक स्पीकर उपलब्ध कराया गया है जिससे इस विद्यालय के छात्रों को पढ़ाई में मदद मिले। इसके अलावा जिले के ठर्रा में स्थित शासकीय विद्यालय को भी बैंक द्वारा छात्रों की मदद के लिए सामग्री उपलब्ध कराई गई है। जिसमें 8 पंखे, 3 कूलर और एक वाटर कूलर उपलब्ध कराया गया है इन दोनों विद्यालयों के प्राचार्य को यह सामग्री भेंट की गई इस मौके पर आईडीबीआई बैंक के एजीएम विपिन श्रीवास्तव, आरएम शुभम जैन, एएम हिमेश गौतम सहित बैंक व स्कूल के अधिकारीकरण मौजूद रहे। आईडीबीआई बैंक प्रबंधक ने बताया कि समय-समय पर आईडीबीआई बैंक अपनी सामाजिक जिम्मेदारियां का निर्वाहन करता है पिछले वर्ष भी विभिन्न विद्यालय को इस तरह की सामग्री उपलब्ध कराई गई थी।

### जिले के 250 प्राचार्य,संकुल प्राचार्य व बीईओ की बैठक में दिए निर्देश

### जिला शिक्षा अधिकारी श्रीवास्तव ने कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों का रिजल्ट सुधारने दिया बल

## 5 साल के अनसोल्वड पेपर,मॉडयूल व ब्लूप्रिंट से कराएं बोर्ड परीक्षा की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले के बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट को बेहतर बनाने के लिए अभी से प्रयास जरूरी है। इसलिए सभी प्राचार्य अपने स्कूलों में 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए पिछले 5 साल के अनसोल्वड पेपर, मोडयूल व ब्लूप्रिंट के आधार पर अभी से तैयारी कराएं। इसके अलावा सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण में कोई कोताही ना बरती जाए वहीं प्राचार्य विद्यालयों में आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करें वही इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी के लिए प्राचार्य पोर्टल पर बच्चों से विज्ञान प्रदर्शनी के लिए आईडिया फीड कराएं। यह बात जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने शहर के उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित जिले के प्राचार्य,संकुल प्राचार्य एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर रमसा के डायरेक्टर राजाबाबू आर्य,जिला योजना अधिकारी रोहिणी अवस्थी,बीईओ मनोज निगम व बीईओ राहुल भार्गव सहित जिले के 220 हाई स्कूल वह हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य व संकुल प्राचार्य मौजूद थे।



### आदि कर्मयोगी अभियान को लेकर डीईओ ने दिए सख्त निर्देश

कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी के निर्देशन में आदिवासी समुदाय के उत्थान के लिए जिले में चलाए जा रहे आदि कर्मयोगी अभियान को लेकर बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने प्राचार्यो को निर्देश देते हुए कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान में सभी शिक्षक दिलचस्पी के साथ कार्य करें जिससे कि आदिवासी बच्चों को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि आदिवासी बच्चों की समस्या का तत्काल निराकरण किया जाए। इसके लिए गांव-गांव में आदि सेवा केंद्र बनाए जा रहे हैं जहां शिक्षा विभाग,पीएचई,स्वास्थ्य विभाग महिला बाल विकास व पंचायत विभाग मिलकर गांव-गांव जाकर आदिवासियों की समस्या का तत्काल निराकरण करेंगे। इसके साथ डीईओ ने स्कूलों में शिक्षक का हाथआदिवासी बच्चों के साथ, विकसित भारत की पहचान आदिवासी छात्र-छात्राओं का सम्मान व आदिवासियों का उत्थान, हमारा स्वाभिमान जैसे नारे लिखे जाने के निर्देश दिए।

### एडीपीसी बोले शासन द्वारा दी जा रही राशि को समय सीमा में खर्च करें

*जिले के प्राचार्यो की जिला स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के एडीपीसी राजा बाबू आर्य ने सभी प्राचार्य को विद्यालय में समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। एडीपीसी में कहां कि विद्यालय के लिए शासन द्वारा जो भी राशि प्रदाय की गई है, उसको जरूरी कार्य के लिए समय सीमा में ही खर्च करें। इसके अलावा बैठक में जिले के पीएम श्री विद्यालय और सांदीपनि विद्यालयों में शैक्षणिक व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विशेष फोकस किया गया। इस दौरान बैठक में वोकेशनल शिक्षा पर चर्चा कर समस्याओं का समाधान किया वहीं विज्ञान प्रदर्शनी सहित वोकेशनल प्रदर्शनी को लेकर भी दिशा निर्देश दिए गए।*